卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 178 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦8 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिका खारिज

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। याचिका दायर करने वाले आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक संदीप कुमार को कोर्ट ने फटकार भी लगायी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि मामले में दो याचिका पहले ही कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की पीठ खारिज की जा चुकी है। ऐसे में अब इस याचिका का क्या औचित्य है और कोर्ट इसमें क्या कर सकता है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता पर भारी जुर्माना लगाया



जाना चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने याचिका को 10 अप्रैल को मुख्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने को कहा। संदीप कुमार ने दावा किया है कि दिल्ली विधनसभा चुनाव के मतदाता होने के नाते वह व्यक्तिगत रूप से इस बात से व्यथित हैं कि उनके केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री एक ऐसा व्यक्ति है जो पद संभालने में असमर्थ है। संदीप कुमार ने यह भी कहा कि केजरीवाल न्यायिक हिरासत से कभी भी मुख्यमंत्री के रूप में कार्य नहीं कर सकते। याचिका के अनुसार उपराज्यपाल को सहायता और सलाह व्यावहारिक रूप से तब तक संभव नहीं है जब तक मुख्य मंत्री संविधान के तहत स्वतंत्र रूप से उपलब्ध न हों। बता दें, केजरीवाल को आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया (शेष पृष्ठ सात पर)

## लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू

### बुजुर्ग और दिव्यांगों को घर बैठे मतदान की सुविधा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का दौर सोमवार से शुरू हो गया है। आठ अप्रैल से शुरू हुई यह प्रक्रिया 85 वर्ष से अधिक और



दिव्यांग मतदाताओं के लिए है। मतदान टीमों ने घर-घर पहुंचना शुरू कर दिया है। जिसके बाद पोस्टल बैलेट से मतदान करवाया जा रहा है। हल्द्वानी निवासी 87 वर्षीय बीसी पंत ने पोस्टल से बैलेट आज मतदान किया। उन्होंने लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। बता दें नैनीताल जिले की कालाढूंगी रामनगर हल्द्वानी लालकुआं भीमताल और नैनीताल विधानसभा में 1076 बुजुर्ग जो कि 85 साल से अधिक उम्र के हैं और 480 दिव्यांग मतदाताओं ने पूर्व में 12 डी फार्म भर मांग की थी (शेष पृष्ठ सात पर)

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पुलिस कर्मी की मौत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। ड्यूटी से घर की ओर लौट रहे सिपाही की सड़क हादसे में मौत हो गई। सिपाही की मौत से पुलिस परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव




परिजनों को सौंप दिया गया। मूल रूप से खटीमा निवासी आसिफ पुत्र शाहिद वर्तमान में सितारगंज में अपने परिवार के साथ रहते थे। उनकी वर्तमान में चुनाव में ड्यूटी लगी हुई थी और मौजूदा समय में एसएसटी टीम में कार्यरत थे। रात्रि ड्यूटी समाप्त कर सोमवार की सुबह आसिफ चोरगलिया से बाइक पर सवार होकर अपने घर सितारगंज की ओर लौट रहे थे तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम धामी ने सुनी लोगों की समस्याएं

खटीमा (उद संवाददाता)।आवास पर प्रवास के उपरांत सोमवार सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कैंप कार्यालय पहुंचे जहां उनका इंतजार कर रहे सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उनका अभिवादन किया। अपनी चुनावी व्यस्तता के बावजूद पुष्कर सिंह धामी ने कैंप कार्यालय पहुंचकर स्थानीय जनता से मुलाकात की और एक-एक कर स्थानीय निवासियों का हाल-चाल जाना। कैंप कार्यालय में जनता से मिलते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सादगी से



प्रत्येक व्यक्ति से बात करते हुए दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य कारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, जगजीत सिंह मल्ली, नगर महा मंत्री मनोज वाधवा, अशोक बत्रा, देवेंद्र चंद, नंदन सिंह, सुमित गुंबर, अरूण सक्सेना, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, महेंद्र सिंह अधिकारी, नवल वाल्मीकि, संतोष गौरव,भास्कर जोशी, राहुल सक्सेना, प्रकाश आर्य, ईश्वर दत्त पांडे आदि थे।

## स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी। काठगोदाम पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी फिरोज पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। जब पुलिस टीम दमुवाढूंगा क्षेत्र में रकसिया नाले के पास पहुंचे तभी एक युवक को संदिग्ध हालत में घूमते हुए पकड़ लिया। जब उसकी तलाश ली गई तो उसके पास से 10.02 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोहित चौहान उर्फ गिल्लू पुत्र आन्नद सिंह चौहान निवासी शिवालिक विहार कैनाल रोड काठगोदाम बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## सुरेश गंगवार ने काबीना मंत्री बहुगुणा पर लगाये गंभीर आरोप

### बोले-उनकी अश्लील वीडियो बनाने में बहुगुणा का हाथ,मेरी हत्या करा सकते हैं सौरभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश के काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अपने खास लोगों की मदद से मेरी फेसबुक आईडी हैक कर अश्लील वीडियो बनवाकर मुझे बदनाम किया। अब मुझे व मेरे पूरे परिवार को उनसे जान माल का खतरा बना हुआ है। मैंने व मेरी पत्नी ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। वरिष्ठ



कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार के पति सुरेश गंगवार ने आज पत्रकारों के रूबरू होते हुए काबीना मंत्री पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए कहा कि उनके पास काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा के खास चहेते मोहित तिवारी नाम के व्यक्ति का वीडियो कॉल आया था जिसे रिसीव करते ही कॉल कट गया। बात में पता चला कि उनकी फेसबुक आईडी को हैक कर लिया गया है। जिसके माध्यम से उनकी वीडियों को एडिटिंग कर अश्लील वीडियो बना ली गई और उन्हे बदनाम किया जिससे उनकी छवि धूमिल हुई। श्री गंगवार ने आरोप लगाते हुये कहा कि इसी व्यक्ति द्वारा पूर्व डीआईजी अशोक कुमार की भी आईडी हैक कर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया था इतना ही नही सितारगंज के जिन लोगों द्वारा काबीना मंत्री का विरोध किया गया या तो उनके विरूद्ध झूठे मुकदमे दर्ज करा दिये गये या फिर उन्हे अन्य तरीकों से परेशान किया गया। श्री गंगवार ने कहा कि पीलीभीत निवासी एक व्यक्ति पर भी इनके द्वारा हनी ट्रैप का मामला बनाया गया जिसने काबीना मंत्री का जिक्र करते हुये उनके सहयोगियों पर आरोप लगाया। श्री गंगवार ने कहा कि उनकी पूर्व में सौरभ से कोई नाराजगी नही थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में विधान सभा का चुनाव लड़ा जिसमें वह भाजपा प्रत्याशी किरण मण्डल से पराजित हुये थे (शेष पृष्ठ सात पर)

## जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू और सुरेश गंगवार ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच जिले में कांग्रेस को एक और झटका लगा है। पार्टी में हो रही उपेक्षा से आहत जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार और उनके पति कांग्रेस नेता सुरेश गंगवार ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेज दिया है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का इस्तीफे को लेकर कहना है कि सुरेश गंगवार को कुछ दिन पहले ही पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है। जबकि सुरेश गंगवार का कहना है कि इस्तीफे के बाद उन्हें निष्कासन का लैटर मिला है। जानकारी के अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार और उनके पति सुरेश गंगवार ने प्रदेश अध्यक्ष को भेजे गये त्यागपत्र में कहा है कि प्रदेश (शेष पृष्ठ सात पर)

## जानलेवा हमले के फरार आरोपियों को दबोचा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान एवं आगामी लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत से कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने फरार जान लेवा हमले के हमलावरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जनपद में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने वांछित चल रहे मोनू कोली पुत्र महावीर तथा मोहित रस्तोगी पुत्र हरीश रस्तोगी निवासी कटोरी मंदिर के पास रमपुरा रुद्रपुर। दोनों को मेन बाजार रुद्रपुर से गिरफ्तार किया। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दोनों पर जान लेवा हमले का मुकदमा दर्ज था। तब से दोनों फरार चल रहे थे। उन्होंने बताया कि दोनों अपराधी शातिर प्रवृत्ति के हैं । पुलिस जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। टीम में चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी, एएसआई नवीन जोशी, महेंद्र कुमार,अमित जोशी आदि शामिल थे।

## किच्छा कोतवाली में नवविवाहित दम्पत्ति से मारपीट पर हाईकोर्ट गम्भीर

### उच्च न्यायालय ने एसएसपी को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय के आदेश पर किच्छा कोतवाली में सुरक्षा को लेकर आये नवविवाहित दम्पत्ति और उसके परिजनों के साथ महिला एसआई द्वारा की गई अभद्रता और मारपीट को गम्भीरत से लेते हुये उच्च न्यायालय ने पूरे प्रकरण की जांच कर एसएसपी को 12 अप्रैल को रिपोर्ट पेश करने को कहा है। विदित हो कि किच्छा निवासी रवि रस्तोगी ने यही निवासी युवती के साथ उसके परिजनों की रजामंदी के खिलाफ विवाह रचाया था। रवि रस्तोगी ने युवती के परिजनों से अपनी और अपनी पत्नी की जान को



खतरा बताते हुये उच्च न्यायालय में एक रिट डालते हुये सुरक्षा की गुहार लगाई थी। उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश पंकज पुरोहित और न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने मामले का संज्ञान लेते हुये किच्छा कोतवाल को उक्त दोनों को सुरक्षा प्रदान करते हुये मामले की सुनवाई के लिये आगामी 12 अप्रैल की तिथि निश्चित की थी। गत 6 अप्रैल को जब उच्च न्यायालय का आर्डर लेकर रवि रस्तोगी अपनी पत्नी, बहन राधा रस्तोगी और मॉ सीमा चौहान के साथ किच्छा कोतवाली पहुंचा तो वहां मौजूद महिला एसआई ने उच्च न्यायालय के आर्डर की कॉपी को फैंक कर उक्त जनों से अभद्रता शुरू कर दी थी। रवि रस्तोगी द्वारा जब उसे उच्च न्यायालय का आर्डर बताते हुये पुनः उसके हाथ में कापी दी तो गुस्साई महिला एसआई ने उसे फाड़ दिया। रवि रस्तोगी का आरोप था कि इस दौरान उक्त महिला एसआई ने उसके व उसकी बहन, मॉ के साथ मारपीट (शेष पृष्ठ सात पर)

# डबल इंजन सरकार को जनता का मिल रहा समर्थन : धामी

## सीएम धामी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र बताया

मुक्तेश्वर/चंबा / हरिद्वार(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नैनीताल के मुक्तेश्वर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम धामी में नैनीताल सीट के लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए वोट की अपील की। सीएम धामी ने कहा डबल इंजन सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के धरातल पर सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप हमें प्रदेश की जनता से अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके एक वोट की ताकत प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। सीएम धामी ने कहा पिछले चुनाव में हमने संकल्प लिया था कि हम समान नागरिक संहिता का कानून लेकर आएंगे। देश में भी यह मांग लंबे समय से उठती रही, जिसे हमने पूरा किया। यूसीसी लागू करने का श्रेय उत्तराखण्ड के हर व्यक्ति को जाता है, जिन्होंने हमारी सरकार बनाई। सीएम धामी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस कहती है कि हम मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू करेंगे। ये घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र है। पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत का सपना पूरा हो रहा है। सीएम धामी ने कहा पूरे विश्व में भारत की छवि बदल गई है। पहले की सरकारों में इच्छा शक्ति की कमी थी। सैनिकों को गोली का जवाब देने के लिए आदेश लेना पड़ता था, लेकिन आज पीएम मोदी के नेतृत्व में गोली का जवाब गोलों से दिया जा रहा है। कांग्रेस ने कभी सैनिकों की चिंता नहीं की। हम सैनिक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं।





# कांग्रेस ने एक भी महिला को नहीं दिया टिकट : धामी

चंबा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी टिहरी के चंबा में भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में आयोजित जनसभा में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नगर क्षेत्र में रोड शो करते हुए श्रीदेव सुमन और वीसी गबर सिंह के स्मारक पर पुष्प अर्पित किए। सीएम धामी ने कांग्रेस पर महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने राज्य की पांच लोकसभा सीटों में से एक पर भी महिला को टिकट नहीं दिया है। कहा कि कांग्रेस केवल तुष्टिकरण, परिवारवाद और भ्रष्टाचार में उलझी हुई है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में भी तुष्टिकरण को भी बढ़ावा दिया है। भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में महिलाओं को आगे रखकर उत्तराखंड का समग्र विकास कर रही है। सीएम ने कहा कि उत्तराखंड देश का अकेला ऐसा राज्य है, जिसमें समान नागरिक संहिता,



सख्त नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण रोकने, दंगा रोकने से लेकर महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत आरक्षण देने का कानून बनाया है। उन्होंने कहा कि टिहरी झील को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल बनाने, चारों ओर रिंग रोड व देहरादून से टिहरी झील तक सुरंग निर्माण की डीपीआर को भी जल्द स्वीकृति मिलेगी। इस मौके पर विधायक किशोर उपाध्याय, पूर्व मंत्री दिनेश धनाई, जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, सुभाष चंद रमोला, ब्लॉक प्रमुख शिवानी बिष्ट, सुनीता देवी, महामंत्री राजेंद्र जुयाल, उदय रावत, विनोद रतूड़ी, मस्ता नेगी,डॉ. प्रमोद उनियाल, मेहरबान सिंह रावत आदि उपस्थित रहे। वहीं सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इब्राहिमपुर, मसाही (हरिद्वार) में आयोजित जनसभा में भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण को समर्पित डबल इंजन सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रदेश भर में चुनाव प्रचार के दौरान समाज के प्रत्येक वर्ग से बड़ी संख्या में मिल रहे जनसमर्थन से मैं आश्वस्त हूँ कि उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता 2024 में भी प्रदेश की सभी सीटों पर भाजपा को विजयी बनाने जा रही है।

# कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री एसपी सिंह समर्थकों सहित बीजेपी में शामिल

डोईवाला। लोकसभ चुनाव की सरगर्मी के बीच कांग्रेस नेताओं का भाजपा में शामिल होने का सिलसिला जारी है। जाने-माने कांग्रेस नेता और पूर्व राज्य मंत्री एसपी सिंह ने रविवार को अपने समर्थकों सहित भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि पार्टी में तानाशाही बढ़ रही है। कहा की कांग्रेस डेमोक्रेसी के भेष में तानाशाही है। रविवार को बालावाला में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा की सदस्यता को ग्रहण किया, उनके साथ उनके तमाम समर्थक भी भाजपा में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा का कुनबा देश प्रदेश में तेजी से बढ़ रहा है कहा कि भाजपा की नीतियां सर्व समाज को पसंद आ रही हैं। साथ कहा कि एसपी सिंह के पार्टी में आने से संगठन और अधिक मजबूत बनकर उभरेगा। पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार लोकसभा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि एसपी सिंह की राजनीतिक सोच हमेशा सकारात्मक रही है, उन्होंने भाजपा में सम्मिलित होकर अच्छी और विकास परक राजनीति का समर्थन किया है। विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि विधानसभा में भाजपा की ताकत और बढ़ेगी इस दौरान महापौर सुनील उनियाल, पूर्व राज्य मंत्री राजपाल रावत, बुद्धदेव सेमवाल, संजय ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# बेलगाम वाहनों की एंट्री होने से उठ रहे सवालिया निशान

काशीपुर(उद संवाददाता)। अलीगंज रोड पर राज्य की सीमा के नजदीक स्थापित पैगा पुलिस चौकी अपने अजब गजब कारनामों के कारण एक बार फिर सुर्खियों में आ चुकी है। सूत्रों का कहना है कि पिछले कुछ समय से पुलिस कर्मियों की गलत नीतियों के कारण यूपी के मुरादाबाद चंदौसी संभल एवं ठाकुरद्वारा आदि इलाकों से ईंटों भरे ट्रक बड़े ही आराम से बॉर्डर पर कर राज्य की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। इसके अलावा खनन भरे वाहनों को भी बड़ी ही आसानी से एक दूसरे राज्य की सीमा में प्रवेश दिया जा रहा है। सुरक्षा के लिहाज से देखा जाए तो मामला बेहद संजीदा है लेकिन इसके बावजूद पुलिस के उच्चाधिकारी इस ओर गौर नहीं कर पा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक अलीगंज रोड पर राज्य की सीमा के करीब एहतियात को लेकर पैगा पुलिस चौकी की स्थापना की गई। औद्योगिक स्थान महुआखेड़ा गंज में चौकी होने के कारण इसे और भी महत्वपूर्ण माना जा सकता है लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस चौकी क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में अवैध कच्ची शराब गैर कानूनी कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुका है जहां हजारों लीटर कच्ची शराब प्रतिदिन बनाई और बेची जाती है। कनकपुर छोटी बरखेड़ी बड़ी बरखेड़ी खाईखेड़ा जैसे गांव कच्ची शराब के रूप में कुख्यात है। वहीं दूसरी ओर मौत के मानिंद सड़कों पर फर्राटा भरते अवैध खनन से भरे डंपर एवं सुबह सवेरे से लेकर देर रात तक यूपी की सीमा से ईंटों की भारी भरकम खेप लेकर उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश कर रहे दर्जनों वाहन पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हैं।

# मुक्तिधाम की सेवा में जुटे विजय सुखीजा का किया उत्साहवर्धन

गदरपुर(उद संवाददाता)। मुक्ति धाम के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी विजय सुखीजा के समाज सेवा के प्रति किए जा रहे अच्छे कार्यों की वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह ने भूरि-भूरि प्रशंसा की । साथ ही उन्हें सामाजिक कार्य करने के लिए उनका उत्साह वर्धन किया। इस दौरान उनके द्वारा मुक्तिधाम



परिसर का अवलोकन करते हुए पूरे प्रदेश में अग्रणी एवं प्रथम बताया। इस दौरान गुरुद्वारा सिंह सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ग्रोवर, श्री शिव मंदिर रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वेद भगत, वरिष्ठ एडवोकेट आरपी सिंह ,कार्यकारी नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ,नगर महामंत्री मुकेश भगत (मिकी), पूर्व सभासद संजीव अरोड़ा, विजय गुंबर ,अजय गाबा, राजू बठला आदि सामाजिक लोग मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याक्षी अजय भट्ट के समर्थन में किया जनसंपर्क

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में वार्ड नंबर 2 के बूथ नंबर 21 पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष दिलीप अधिकारी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश बजाज के नेतृत्व में राजा कॉलोनी से कृष्णा कॉलोनी तक डोर टू डोर



लोगों से वोट मांगा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए पुन: उन्हें प्रधानमंत्री बनने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर प्रेमपाल गंगवार, विश्व जीत मण्डल, कृष्ण पद विश्वास, दुर्गेश कुमार, डॉक्टर भीमसेन शर्मा, नंदकिशोर चौहान, देवकी नंदन, श्रीमती लक्ष्मी देवी, राजेश कुमार प्रजापति, सोमपाल, बृजमोहन, छत्रपाल, दिलीप मंडल, एमके चंद्रा आदि मौजूद थे।

# भाजपा के खोखले दावों की पोल खोल रहे गोद लिये गाँव : प्रकाश जोशी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट द्वारा गोद लिये पटेरी गाँव पहुँच वहां के स्थानीय लोगों से मुलाकात की और गांव की हकीकत जानी। गांव वालों ने बताया कि गाँव गोद लेने के बाद सांसद अजय भट्ट ना कभी पटेरी गाँव आए और ना ही उन्होंने कोई विकास कार्य करवाये। प्रकाश जोशी ने कहा कि भाजपा सिर्फ आम जनमानस की भावनाओ के साथ खेलने का कार्य करती है, विकास कार्यो से उनका दूर दूर तक कोई संबंध नही। पटेरी गांव और जंगलिया गांव भाजपा और उनके नेताओ के खोखले वादों की पोल खोल रहे है। उन्होंने कहा सांसद अजय भट्ट अपने गोद लिए गाँवो की हकीकत सार्वजनिक करें। कांग्रेस सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने उधमसिंह जिला अंतर्गत किच्छा और सितारगंज विधानसभा क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने प्रात: मलसा





गिरधरपुर मंदिर पहुँच पूजा अर्चना कर भगवान के आशीर्वाद संग चुनाव प्रचार की शुरुआत की। किच्छा विधानसभा अंतर्गत जवाहर नगर, शांतिपुरी, आनंदपुर, राघव नगर, कनकपुर, रामेश्वरम, लालपुर, शिमला पिस्तौर, खमरिया पक्की, कुरैया, दरऊ, छिनकी, आजाद नगर, दुपहरिया, पंतपुरा, अंजनिया, पटेरि रोड क्षेत्रों में जनसंपर्क के साथ साथ नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से स्थानीय जनता तक कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने सीधा संवाद कायम किया।इसके उपरांत पिपलिया मोड़ से सितारगंज तक रोड शो करके प्रकाश जोशी में सितारगंज विधानसभा में प्रचार अभियान का शुभारंभ किया। सितारगंज विधानसभा में गौशाला, सहदौरा, अलीनगर, फिरोजपुर, बरा, कठगरी, सिसैया, नया गांव, वीरेन्द्र नगर, अमरिया चौराहा, मैन चौराहा, बड़े के होटल, नकुलिया चौराहा में नुक्कड़ सभाओं संग जनसंपर्क करने के बाद शक्तिफार्म मुख्य बाजार में जनसंपर्क और अरविंद नगर, निर्मल नगर, सुभाष चौक, बैकुंठपुर, गोविंदनगर (पड़ा गांव) और रुद्रपुर चौक मे स्थानीय लोगों से मुलाकात कर चुनावी जनसंपर्क किया। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार ने पिछले 10 सालों से किच्छा विधानसभा को सिर्फ छला है। किच्छा से विकास खो गया था। खोये विकास को वापस लाना है और कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को जिताकर संसद पहुँचाना है।इस दौरान नवतेज पाल सिंह, नारायण सिंह बिष्ट, डॉ गणेश उपाध्याय, हरीश पनेरू, गुड्डू तिवारी, विनोद कोरंगा, प्रमोद बिष्ट, दर्शन कोली, हरीश दुबे, अनवर अहमद, पीएल वर्मा, मोहन पांडे, राजेश प्रताप सिंह, दलजीत सिंह, भूपेंद्र चौधरी, सरताज अहमद, हरप्रीत सिंह हैप्पी, उत्तम आचार्य, राम नगीना, सरताज अली गुड्डू, अरुण शुक्ला, राजेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह, निशांत शाही, सुनीता कश्यप, अकील अहमद, गोल्डी सिंह, अखलाख अहमद, हसनैन मलिक, प्रेम पाल, अली हसन आदि लोग जनसंपर्क मे साथ रहे।

# कृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम , आदर्श कॉलोनी , रुद्रपुर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास राजवीर शास्त्री जी महाराज ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास पीठाधीश्वर पुष्पा बहन जोशी ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं । उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पद्मी के आग्रह पर अपने मित्र से सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया हुआ। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। मंदिर में सुंदर फूलो की होली भी खेली गई साथ में पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज ने सभी को आशीर्वाद दिया । इस मौके पर पूर्व विधाकय राजकुमार ठुकराल ने कथा व्यास राजवीर शास्त्री जी को शॉल भेंट कर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर संजय ठुकराल , पुस्पेंद्र शास्त्री ,महेश गब्बर , नरेश घई , राजकुमार भूसरी ,श्याम खुराना , नीरा पूरी आदि गणमान्य उपस्तिथ थे।






क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।


# सात जुआरियों समेत नौ गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने तीन अलग- अलग मामलों में भारी मात्रा में नशे के इंजेक्शन, नाजायज चाकू तथा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते कुल 9 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा रात्रि चौकिंग के दौरान मौ. इमरान उर्फ राजा पुत्र स्व. मौ. हनीफ निवासी छोटी रोड निकट नूरी मस्जिद इन्द्रानगर वनभूलपुरा को41 नशीले इंजेक्शनों के साथ बरसाती नाले की पुलिया के पास इन्द्रानगर से गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस ने बताया इमरान पूर्व में भी स्मैक तस्करी के मामले में जेल जा चुका है।वही थाना पुलिस ने सारिक अंसारी उर्फ पन्ना पुत्र मौ. शरीफ निवासी लाइन नम्बर 10 को एक अवैध चाकू के साथ



चोरगलिया रोड से आगे गोलापुल की तरफ से गिरफ्तार कर लिया। इधर पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान 5 अलग अलग मामलों में 7 व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से कुल 17720 रुपये बरामद किए गए। पकड़े गए जुआरियों में मुस्तफा पुत्र मो, सलीम निवासी वार्ड नंबर 31 इन्द्रानगर, निसार पुत्र नुर मोहम्मद निवासी नूरी मस्जिद के पास इन्द्रानगर, राजेश गुप्ता पुत्र स्व. बालक राम निवासी चौधरी कालोनी गोजाजाली, इरशाद पुत्र स्व. इकबाल अहमद निवासी इन्द्रानगर मोहम्दी चौक वार्ड 21, अशोक कुमार उर्फ जोजो पुत्र सोहन लाल निवासी स्वामी विहार गौजाजाली, सौरभ कुमार पुत्र अशोक कुमार उर्फ जोजो निवासी स्वामी विहार गौजाजाली उत्तर, नितीन कुमार पुत्र महेश चन्द्र निवासी नई बस्ती राजपुरा शामिल हैं।

# कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक संपन्न

काशीपुर(उद संवाददाता)। ईद उल फितर (ईद) का त्यौहार निर्विघ्न तरीके से संपन्न कराने को लेकर आज कोतवाली परिसर में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। शांति कमेटी की इस बैठक में थाना क्षेत्र के तमाम इलाकों से बड़ी तादाद में जनप्रतिनिधियों के अलावा गणमान्य लोगों ने भी शिरकत किया। बैठक में मुख्य रूप से मूलभूत सुविधाओं का मुद्दा छाया रहा। क्षेत्राधिकारी अनुषा बुडोला ने क्षेत्रीय जनता से त्योहार को मिलजुल कर मनाने की अपील की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार के अलावा वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश शर्मा, उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, मनोज जोशी, सुनील सुतेड़ी, विपुल जोशी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बैठक के दौरान पुलिस ने समस्याओं को लेकर लोगों से सुझाव मांगे। बसपा नेता हसीन खान ने कहा कि ईद के मौके पर कुछ शरारती तत्व विजयनगर नई बस्ती में मस्जिद के



पास त्यौहार में खलल डालते हैं लिहाजा धार्मिक स्थल के इर्द-गिर्द पर्याप्त मात्रा में फोर्स की तैनाती की जाए। इसी तरह अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने पक्ष रखते हुए ईद की मौके पर बिजली पानी तथा साफ सफाई को दुरुस्त रखने की बात कही। खासकर बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र में इस दिन जानवरों को छुट्टा ना रखने की हिदायत दी गई। बैठक के दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष शमसुद्दीन के अलावा मोहम्मद अशरफ, अब्दुल कादिर, फिरोज हुसैन, समेत बड़ी तादाद में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# शहर में सड़कों का सुधारीकरण एवं नाला निर्माण शुरू

सितारगंज(उद संवाददाता)। शहरी क्षेत्र के मुख्य मार्गो में लोक निर्माण विभाग सड़कों का सुधार, नाला निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग दिन रात करने में जुटे है। शहरी क्षेत्र के 20 फीसदी भाग में सड़कों को समतल कर दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बाउंड्री से सटाकर विभाग नाला निर्माण करने में जुटा हुआ है। शहरी क्षेत्र के व्यापारियों के लिए राहत भरी खबर है। लोक निर्माण विभाग ने शहरी क्षेत्र के जेल



कैंप, किच्छा मार्ग में सड़कों के सुधारीकरण का कार्य शुरू कर दिया है। रात को भी लोक निर्माण विभाग की टीम जेई सतपाल सिंह के नेतृत्व में सड़कों के सुधारीकरण कार्य में डटी हुई है। सड़के समतल होने से आमजन को धूल, मिट्टी, गड्ढों से निजात मिल गई है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की चाहर दिवारी सटकर नाले का निर्माण किया जा रहा है। जेई सतपाल सिंह ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की टीम सड़कों के सुधारीकरण और नाला निर्माण का तेजी से कार्य पूर्ण कर रही है। इससे सड़कों पर आवागमन करने वाले लोगों को सुलभ यातायात का लाभ मिल सकेगा।

# श्वान पशु का उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ दी तहरीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपदीय पशु क्रूरता निवावरण समिति उधम सिंह नगर की सदस्य चीना शर्मा, अंजना चौहान और विमला देवी ने पशुओं के साथ क्रूरता के मामले में तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। मामला गंगापुर रोड गुरूबक्श ग्रीन कालोनी का है। ट्रांजिट कैम्प थाने में दी गयी तहरीर में समिति की सदस्यों ने आरोप लगाया है कि बंसुधरा गुरूबक्श ग्रीन्स में श्वान पशुओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। यहां एक कुत्ते को लोहे की रॉड से बेरहमी से मारा गया। इससे पहले इसी कुत्ते को जहर देकर मारने की कोशिश की गयी, जो कि 1960 के पशुओं के साथ उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम की धारा 11 और आईपीसी की धारा 428 और 429 के अंतर्गत एक अपराध है। यही नहीं इससे पहले कालोनी में ही एक कुत्ते को बलपूर्वक हटा दिया गया जो कि पशु जन्म नियंत्रण नियम 2001 पलायित कुत्तों के प्रबंधन नियम 2001 के अंतर्गत अपराध है। तहरीर में कहा गया है कि बसुन्धरा गुरबक्श ग्रीन्स के एक व्यक्ति ने आवारा कुत्तों को भोजन देने का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हरि भजन के प्रसंग सुन श्रद्धालुओं की आंखों में छलके आंसू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी वार्ड 35 में आयोजित सार्वजनिक अखंड महानाम संकीर्तन महायज्ञ एवं विशाल भंडारे के तीसरे दिन भी संकीर्तन मंडलियों द्वारा निरंतर हरिनाम का गुणगान जारी रखा गया। वहीं श्रद्धालुओं को भंडारे का भी वितरण किया गया। आमंत्रित कीर्तन मंडलियों राधाकृष्ण सम्प्रदाय (रोबिन दा) दिनेशपुर, बीनापानी सम्प्रदाय (कालीदास) दिनेशपुर, श्री गुरू सम्प्रदाय (गुरूपदो) सुन्दरपुर, दादा भाई सम्प्रदाय (भंजन) शक्तिफार्म, हरि गोपाल सम्प्रदाय (लता) धर्म नगर तथा राधागोविन्द सम्प्रदाय (रिंकू) महाराष्ट्र द्वारा द्वारा सुनाए गए अनेक भजनों के प्रसंग सुनकर उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखों से आंसू भी छलक आए। कीर्तन मंडलियों द्वारा कल आगामी 9 अप्रैल दिन सोमवार को प्रात: 6 बजे तक निरंतर



क्रमवार महानाम संकीर्तन किया जायेगा। हरिनाम का संकीर्तन सुनकर उपस्थित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पूरी तरह से भक्ति में सराबोर हो गए।9 अप्रैल को प्रात: 6 बजे महानाम संकीर्तन को विश्राम देने के पश्चात ग्रहण किए गए महानाम को विधि विधान के साथ तुलसी माता पौध स्थल पर समर्पित किया जायेगा। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष विष्णु सरकार, सरोज राय, पवित्र राय, शंकर सरकार, अमित सरकार, गोविंद राय, रंजीत मंडल, संजय विश्वास, मुकेश मालाकार, संजय ढाली, विश्वजीत मजूमदार, समीर बाबली, संजय ढाली, गौरांग विश्वास, प्रदीप गोलदार, श्यामल राय, करन मदक, विश्वजीत भगत, कौशिक पाल, रविंद्र धर, डा. सुजीत मित्रा, दीपक हालदार, निर्मल हालदार, राजीव विश्वास, विक्रम राय, मनीष सरकार, असीम समद्दार, सुखदेव मंडल, जयदेव पाल, पवित्र शील, संजय विश्वास, श्यामली विश्वास, हेमलाल अधिकारी, देबू मंडल, सुशांत राय, सुब्रत सरकार, नारायण पाल, देव शंकर शील, ममता विश्वास, रेखा तरफदार, दुलाली मालाकार, शांति राय, संजय ढाली, सुजीत पाल, राजीव विश्वास, विक्रम राय, मनीष सरकार, असीम समद्दार, सुखदेव मंडल, जयदेव पाल, पवित्र शील, प्रियंका मंडल, हृदय मंडल, श्यामल राय, आशा सरकार, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, गीता सरकार, दीपाली डे, सन्तोष सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, देवदास सरकार, भानु विश्वास, जमुना सरकार, पूर्णिमा मिस्त्री, सरो राय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, सुबल मंडल, पुलिन शील, सुमति गांगुली, आरजू दास, तारा गोलदार, गोविन्द सरकार, अमित सरकार, उषा मण्डल, सुषमा राय, मुकेश मालाकार, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुव्रत सरकार, विष्णु सरकार, दीपंकर साना, असीम सरकार, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, श्याम सरकार, तपन सरकार, मनी मंडल, सुप्रिया हालदार, शिपाली हालदार, मिथुन चक्रवर्ती, पुष्पा सरकार, कल्पना मदक, वकुल वर्मन, अंजली गोलदार, तपन विश्वास, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, सुंदरी, कविता मंडल, देवदासी सरकार, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मधु सरकार, सुनीता हालदार, सविता मजूमदार, आरती राय, भुवन राय, दुलाल बैरागी, शंकर सरकार, फटीक मजूमदार, काशीनाथ हाजरा, परेश मेहरा, भगीरथ पाल, कंकन विश्वास, खगोपति विश्वास, अशोक राय, बाबू दास, चंदना सरकार, माया बैरागी, ऊषा विश्वास, अमित सरकार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकार सहित सैकडों श्रद्धालु मौजूद थे।

# जनपद के प्रत्येक बूथ पर तैनात होंगे माइक्रो ऑब्जर्वर







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निर्बाध ,सुचारू संपादन हेतु रविवार को किच्छा व सितारगंज विधानसभा के पीठासीन व मतदान अधिकारियों के साथ ही सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को द्वितीय प्रशिक्षण पंतनगर विश्वविद्यालय के गॉधी हॉल में दिया गया। मास्टर ट्रेनरों द्वारा दो पालियों में सैद्धान्तिक एवं ईवीएम का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। तीसरे दिन दो पालियों में विधानसभा किच्छा के 738 व सितारगंज के 629 कुल-1367 पीठासीन, मतदान अधिकारियों व को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार मौजूद थे। उन्होंने ईवीएम हैण्डस्ऑन का निरीक्षण करते हुये सभी मतदान अधिकारियों को ईवीएम का भलिभांति प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि सभी मतदान अधिकारियों द्वारा मतदान का व्यवहारिक, सैद्धांतिक व ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसे अच्छी तरह सीख लिया होगा, अभी भी यदि कोई शंका हो तो उसका समाधान यही कर ले। उन्होने कहा प्रत्येक बूथ पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किये गये तथा 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों की वेबकास्टिंग की जा रही है, जिस पर सीध आयोग की पैनी नजर है। इसलिए कार्यो को सावधानी से करें व व्यवहार में भी संयम रखे। सभी मतदान कार्मिक तटस्थ होकर कार्य करेंगे तथा मतदान पार्टियां अपने ही बूथ पर ही रात्रि विश्राम करेंगे इसकी जिम्मेदारी पीठासीन अधिकारी की होगी व किसी का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होने कहा कि मतदान से पूर्व प्रात: 5.30 बजे मॉक पोल अनिवार्य रूप से करायेगें तथा निर्धारित समय प्रात: 7 बजे से मतदान प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा कि प्रत्येक दो घण्टे में मतदान सूचना कन्ट्रोल रूम को देना सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा कि पीठासीन अधिकारी अपनी डायरी का अच्छी तरह अध्ययन कर ले साथ ही ईवीएम संचालन में दक्ष हो ले ताकि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी कार्मिक सौंपे गए कार्यो एंव दायित्वों का बखूबी निर्वहन करना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही गलती की माफी नही होती इसलिए जो भी शंकाए है उनका सामाधान प्रशिक्षण के दौरान ही कर लें। उन्होने कहा कि मतदेय स्थल के भीतर मोबाइल पूर्णत: प्रतिबन्ध होगा तथा प्रत्याशियों के टेबल बूथ से 200 मीटर परिधि के बाहर लगाई जायेगी। उन्होने पीठासीन व मतदान अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान सामग्री का सूची से मिलान अवश्य करेगें ताकि मतदान दिवस पर किसी सामाग्री की कमी न हो। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण नरेश दुर्गापाल, मास्टर ट्रेनरों ने सैद्धांतिक प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते हुए ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने व सील करने के साथ ही बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। इसके उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने खानपान व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होने साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हुये ताजा व स्वच्छ भोजन देने के निर्देश नोडल खान-पान को दिये साथ ही कार्मिकों से भी खान-पान व्यवस्था के बारे में जानकारियां ली। प्रशिक्षण में नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, सहायक निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र, परियोजना निदेशक अजय सिंह, नोडल खानपान श्याम आर्य, सहायक नोडल कार्मिक केएस रावत, नोडल इवीसी विवेक राय, सहायक नोडल सुभाष गुप्ता सहित पीठासीन व मतदान अधिकारी उपिस्थत थे।

# आप और सपा कार्यकर्ताओं ने मांगे वोट

गदरपुर(उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड से इंडिया गठबंधन के नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में प्रचार प्रसार करने का फैसला लिया है। गठबंधन के तहत कांग्रेस के प्रत्याशी प्रकाश जोशी को अपना समर्थन देकर लोगों से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में मतदान करने की अपील भी की है। पत्रकार वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने बताया कि आम समर्थन में प्रचार प्रसार करने का फैसला लिया है। अब जनता समझ गई है और सोच समझकर ही वोट करेगी वहीं कांग्रेस के कार्यवाहक नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि हमें इंडिया गठबंधन के रूप में आम आदमी पार्टी और समाजवादी



रविवार को गदरपुर में कांग्रेस के एक निजी कार्यालय पर एक पत्रकार वार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी काशीपुर जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी, रुद्रपुर के जिला अध्यक्ष जसपाल सिंह और समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अवतार सिंह, जिला सचिव तस्लीम, जिला यूथ के सचिव हर्ष शर्मा यूथ के विधानसभा अध्यक्ष करण सिंह ने इंडिया आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा सांसद की नाकामियों को उनकी लोकसभा क्षेत्र में जनता को बताएंगे उन्होंने कहा कि भाजपा की तानाशाही खत्म करने और लोकतंत्र बचाने को इंडिया गठबंधन बनाया है आम आदमी पार्टी रुद्रपुर के जिला अध्यक्ष जसपाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड में गठबंधन के उम्मीदवारों के पार्टी का समर्थन मिला है जिससे कांग्रेस का मनोबल और बढ़ गया है।कार्यक्रम का संचालन दिनेशपुर के कांग्रेस नगर अध्यक्ष नारायण हालदार के द्वारा किया गया उन्होंने समर्थन देने आए सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद अर्पित किया इस दौरान संजीव अरोरा, मिक्की भगत,गुरविंदर सिंह, अजय गाबा सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# किच्छा विधानसभा में विकास की है मेरी गारंटी : बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के चुनाव प्रचार के दौरान 6 ग्रामों में नुक्कड़ सभाए की व ग्रामवावासियों को कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर प्रत्याशी प्रकाश जोशी को जिताने की अपील की। बेहड़ ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि में आपके परिवार का हूँ और मेरा अधिकार बनता है आपसे वोट मांगने का, बेहड़ ने कहा किच्छा विधानसभा में विकास



कराना मेरी जिम्मेदारी है और मेरे हाथ में किन्तु वोट देना का अधिकार सिर्फ आपके हाथ में है। देश भर में बड़े-बड़े नेता गारंटी दे रहे है लेकिन किच्छा विधानसभा में विकास की कोई गारंटी दे सकता है तो वो केवल तिलक राज बेहड़ दे सकता है द्य मैंने विपक्ष में रहते हुए भी बहुत से विकास कार्य कराये है। प्रकाश जोशी जी के बारे में तरह-तरह से भ्रामक प्रचार किया जा रहा है जबकि वो इसी लोकसभा के अंतगर्त कालाढूंगी के रहने वाले है और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता है। इसलिए कांग्रेस के पक्ष में वोट देकर प्रकाश जोशी को विजयी बनायें। विधायक बेहड़ प्रात: काल से अपनी विधानसभा के गाँवों में नुक्कड़ सभाओं को सम्भोधित करते है पांचवे तीसरे दिन उन्होंहे ग्राम सैजनी,लंका, मलसी ,प्रीतनगर, भमरोला और शिमला में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से ग्रामवासियों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की व गांववासियों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,किन्नू शुक्ला,दलजीत सिंह,राजेन्द्र दास,सुरेश प्रधान,जियाउल रहमान,अजीत सचदेवा,अकील अहमद,तीरथ मुंजाल,गुरदास बांगा,यामीन अंसारी,गज्जन सिंह,कुलदीप सिंह,मोंटी सिंह,शोभित शर्मा,गुलशन मक्कड़,सरताज मलिक,जसबीर सिंह,बलविंदर सिंह,हामिद अली ,खुर्शीद मलिक, निर्मल सिंह,निशान सिंह,वीरेंद्र गंभीर, आदि लोग उपस्थित रहे।

# सिक्स सिग्मा में छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, रुद्रपुर द्वारा उत्तराखंड बोर्ड के बारहवी कक्षा के छात्र-छात्राओं हेतु चलाए जा रहे एक दिवसीय (छात्रवृत्ति परीक्षा) आरोहण 2024 का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विगत तीन माह से जनसंपर्क अधिकारी शिवम शर्मा के निर्देशन में निरंतर चल रही परीक्षा रूद्रपुर, सितारगंज, किच्छा, पंतनगर, हल्द्वानी, बाजपुर तथा शक्तिफार्म आदि विभिन्न स्कूलों के 4000 विद्यार्थियों के बीच में सम्पन्न की गई। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को अंतिम रूप से लिखित परीक्षा हेतु बुलाया गया। आरोहण समारोह के मुख्य अतिथि रुद्रपुर सी.एम.ओ डॉ. मनोज शर्मा एवं विशेष अतिथि ऋतुराज मिश्रा (टाटा कम्पनी-ट्रेनिंग डिविजन हेड)रहे। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम के साथ साथ नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें अंशु बाला द्वारा एक गीत तथा नितिन सिंह द्वारा नित्य प्रस्तुत किया गया वहीं सभी छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसका विषय युवाओं का लक्ष्य एवं नशीली दवाओं के प्रति जागरूकता था। इस समारोह में बारहवीं कक्षा के लगभग 350 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा दिया,




जिसमें से विज्ञान, वाणिज्य तथा कला प्रत्येक विभाग से 15 छात्र- छात्राओं का चयन कर सांत्वना पुरुस्कार दिया गया। उसके साथ ही प्रथम स्थान मनोज सिंह मटियाली (विज्ञान विभाग, पी.एस.एम. एस इंटर कॉलेज कुंवरपुर, हल्द्वानी) द्वितीय स्थान अमन कश्यप (आर.के. एस.वी.एम इंटर कॉलेज, बाजपुर) एवं तृतीय स्थान बबली (कला संकाय, राजकीय इंटर कॉलेज बरहनी, बाजपुर) को क्रमश: रुपए 3100, 2100 तथा 1100 का नकद पुरष्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के द्वारा काउंसलिंग डेस्क का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को उपलब्ध विकल्प जैसे फार्मेसी, इंजीनियरिंग, नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं सिविल सर्विसेज आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और कहा कि सही रूप से चुने गये विषय ही भविष्य को एक नया आयाम देते हैं। जिसमें दीपिका देउपा ने फार्मेसी के बारे में बताया तथा सुश्री कल्पलता सिंह ने नर्सिंग के बारे में, गुंजन रावत ने पैरामेडिकल पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकरी साझा किया। कार्यक्रम के अंत में निदेशिका डा.सीमा अरोरा ने छात्रवृति परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आरोहण-2024 का उद्देश्य बहुमुखी प्रतिभा के धनी छात्रों को नया अवसर तथा आर्थिक सहायता देना है।संस्थान के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट एवं फार्मेसी प्राचार्य डॉ विजय सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी विद्यालयों के प्रबंधक, शिक्षक तथा सभी छात्रों के अभिभावकों का आभार प्रकट किया और भविष्य में उचित मार्गदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, वाइस-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, मैनेजिंग डायरेक्टर सी.ए. शिव अरोरा, निदेशिका डॉ.सीमा अरोरा तथा मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर, शौर्य अरोरा, सी.ए.ओ. अनुभव बाठला, जनसंपर्क अधिकारी शिवम शर्मा एवं साहिल छाबड़ा, मुकेश कुमार, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन ने विजेता रहे सभी छात्र-छात्राओ को आगामी बोर्ड परीक्षाफल हेतु शुभकामनाओं के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रमजान माह अल्लाह को राजी करने का खास महीना: मो.आलम

गदरपुर(उद संवाददाता) नगर की जामा मस्जिद में 27 वी तराबी में शनिवार की रात कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की गई। इस मौके पर मस्जिद को सजाया गया और कुराने पाक की तिलावत करने वाले हाफिजो को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उलेमा ने लोगों को रमजान का महत्व समझाया और कहा कि यह महीना बरकतों से लवरेज है और गुनाहों से तौबा करने का महीना है। मस्जिद में शनिवार की शाम/रात नमाजे तराबी में कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की गई नमाजे तराबी के दौरान कुराने पाक की तिलावत हाफिज जाने आलम जबकि सामा के फराइज हाफिज सामा साहब ने पूरे किए मस्जिद कमेटी ने कुरान मुकम्मल करने वाले हाफिज को उपहार भेंट किया। इस दौरान जमा मस्जिद



गदरपुर के शाही इमाम जाने आलम ने अपनी तकरीर में कहा कि रमजान का महीना बरकतों से लवरेज है अल्लाह ताला अपने बंदों को बरकतों से नवाजता है और इस महीने में अल्लाह ताला गुनाहों को माफ कर देता है यह महीना तोबा और गुनाहों से बचने का है सभी को रोजे और नमाज की पाबंदी कर गुनाहों से तौबा करनी चाहिए मौलाना ने जाने आलम ने मुल्क में मिल्लत की सलामती के लिए दुआ कराई। इस दौरान मोहम्मद आलम,जाखिर हुसैन, मो. फईम,अकील रजा, एजाज अहमद,अय्याज अली, मतलूब सोनू,सलमान अली, चिंटू,हाजी शाहिद खां, मो. जहागीर,राशिद अली, मो. यासीन सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने किया पथ संचलन

रूद्रपुर/गदरपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में जनता इंटर कॉलेज से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए वापस जनता इंटर कॉलेज तक पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत बौद्धिक प्रमुख राजेश जी ने बताया कि आज के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक परम पूज्य डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार जी का जन्म हुआ था उन्होंने कहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को 100 वर्ष पूर्ण होने को हैं। संघ निरंतर बढ़ता जा रहा है संघ ने समाज की समस्त बुराइयों को दूर करने का निरंतर प्रयास किया है तथा निरंतर करता जा रहा है संघ अपने कई अनुसंघिक संगठन द्वारा समाज के बीच कार्य करता रहा है समाज में उच्च नीच का भेदभाव दूर करने के लिए समरसता के रूप में संगठन काम करता है। धर्म को जीवित रखने के लिए धर्म जागरण के रूप में कार्य करता है। पर्यावरण की चिंता करते हुए पर्यावरण एवं जल संरक्षण के रूप में संगठन काम करता है। गांव को जीवित रखने के लिए ग्राम भारती के रूप में काम करता है उन्होंने बताया समाज का कोई भी कार्य ऐसा नहीं है जिस कार्य की चिंता राष्ट्रीय स्वयंसेवक ना कर रहा हो तथा इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता योगराज बत्रा जी द्वारा की गई। कार्यक्रम में विभाग संघचालक रामउ जागर जी, नगर संघचालक लक्ष्मीनारायण, गजेन्द्र सिंह सन्धू आदि उपस्थित रहे। **गदरपुर**– हिंदू नववर्ष के उपलक्ष पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गदरपुर नगर पथ संचलन में राष्ट्र सेवा हेतु समर्पित स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता स्नेह पाल सिंह केन्द्रीय सहमंत्री विश्व हिन्दु परिषद ने संघ की रूपरेखा और कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघ देश देश और धर्म की रक्षा के लिए कार्य करता है। उन्होंने कहा कि आज हिंदू समाज को जागृत होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा संघ से जुड़े प्रत्येक स्वयंसेवक को देश के अंदरुनी और बाहरी शत्रुओं से डटकर सामना करने के लिए एकजुट होने की जरूरत है। पद संचलन का नेतृत्व रामप्रसाद ध्यानी, नगर संचालक नगर कार्यवाह जीवन जोशी एवं नगर संचालक दीपक सुधा, नगर कार्यवाह राजकुमार सुखीजा द्वारा संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय सिंह ने की। पद संचलन में क्षेत्रीय विधायक अरविन्दपांडेय, जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, अशोक हुड़िया, राकेश भुड्डी, मनोज रघुवंशी, विनोद चुघ, अजय आहूजा, सोनू पोपली, जितिन, अनिल जेठली, नन्द किशोर, सुरेश खुराना, विनोद फौगाट, प्रभाजोत खेड़ा, पंकज सेतिया, अभिषेक गुम्बर, योगेन्द्र शर्मा, ऋषि भुसरी, प्रमोद बजाज, कमलेंद्र सेमवाल, राजकुमार भुड्डी, राजीव पपनेजा, राजेश गुम्बर मिन्नी, चंकित हुडिया,, अजय छाबड़ा, सुरजीत सिंह सोनू, कपिल गण्डा,, हनुमत भुड्डी, धीरज पंत, बचन सिंह, अभिषेक वर्मा, रोहित कलड़ा आदि स्वयं सेवक मौजूद थे। यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस कर्मी साथ चल रहे थे।












## अग्निवीर योजना को लेकर भ्रम फैला रही कांग्रेस: भट्ट

हल्द्वानी(उद संवाददा)। नैनीतात–ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कालाढूंगी में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि विपक्ष मुख्य रूप से कांग्रेस अग्निवीर योजना को लेकर भ्रम फैला रही है।जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्रालय ने दुनिया की सवोच्च सैन्य शक्ति वालों देशों का अध्ययन करने के बाद ही इसे भारत में लागू किया है। इजरायल के नागरिक स्वेच्छा से सेना का प्रशिक्षण लेते हैं, ये उनकी कोई मजबूरी नहींहै, बल्कि देश के प्रति समर्पण की भावना है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना के लाभ न बताकर विपक्ष सिर्फ और सिर्फ भ्रम फैला रहा है, ताकि देश का युवा खुद को राष्ट्र के प्रति समर्पित न कर सके। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर अभी तक कांग्रेस ने देश के युवाओं को गुमराह करने का प्रयास किया है।अजय भट्ट ने कहा कि अग्निवीर योजना से देश के युवाओं को लाभ ही लाभ होगा क्योंकि अगर वे साढ़े 17 साल से 21 साल के बीच सेना में जाते हैं और अग्निवीर बन जाते हैं तो उन्हें आर्मी की पूरी ट्रेनिंग दी जाएगी। एक रेगुलर आर्मी अफसर की तरह ही उन्हें ट्रीट किया जाएगा। यही नहीं रिटायरमेंट के बाद जब वे सिविल सर्विस या किसी भी सरकारी नौकरी में आवेदन करेंगे तो उन्हें पहले वरीयता मिलेगी। यानी वो सिविल पुलिस, पीएसी, बीएसएफ, सीआर पीएफ, सीआईएसएफ जैसे अध सैनिक बलों में भर्ती के लिए उनका अलग कोटा होगा जिसका उन्हें सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों एक बैच से अधिकतम 25 फीसदी अग्निवीरों को परमानेंट सेना की सर्विस मिल रही है। ट्रेनिंग अवधि मिलाकर कुल चार साल की नौकरी है। पहले साल अग्निवीरों को इन 21000 रुपये वेतन मिलता है जो दूसरे वर्ष में 23 000 रुपये, तीसरे वर्ष में 25000 रुपये और चौथे वर्ष में 27000 रुपये वेतन मिलता है। इसके अलावा 30 दिन का वार्षिक अवकाश भी दिया जाता है और फील्ड अलाउंस भी दिया जा रहा है। सेवानिवृत्ति के बाद श्अग्निवीर स्किल सर्टिफिकेटश मिलेगा जिससे उन्हें भविष्य में दूसरी नौकरी में चुने जाने में प्राथमिकता मिलेगी। सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली एक मुश्त राशि से कोई भी अग्निवीर अपना कारोबार भी कर सकता है। नैनीताल–ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि सबसे बड़ी बात तो यह है कि देश का हर वो युवा जो अग्निवीर योजना का हिस्सा बनता है उसमें राष्ट्रवाद की भावना पैदा होती है। इससे बड़ी बात एक और ये है कि फौज की ट्रेनिंग लेने से युवा वर्ग अनुशासित होगा और जब देश का युवा अनुशासित होता है तो देश अनुशासित होता है। अनुशासन किसी परिवार, संस्थान, विभाग, कारपोरेट और राष्ट्र की तरक्की की पहली सीढ़ी होती है। भाजपा एक तरफ अनुशासित राष्ट्र बनाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस ने तो आजादी के साथ ही देश के टुकड़े कर दिए, पहले कांग्रेस ने पाकिस्तान बनाया, फिर 1971 में बंग्लादेश बनाया, जबकि युद्ध भारत की सेना ने लड़ा और पाकिस्तान का एक बड़ा हिस्सा जीत लिया था, लेकिन कांग्रेस ने जीता हुआ हिस्सा पाकिस्तान को लौटा दिया। कांग्रेस देश के टुकड़े करना चाहती है, खालिस्तान समर्थक भी कांग्रेस की उपज है। इसलिए जनता को सावधान रहने की जरूरत है और भाजपा को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। इस विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, वरिष्ठ भाजपा नेता महेश शर्मा, रमेश पाल सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे





## वेयरहाउस से ईवीएम मशीनें बगवाड़ा स्ट्रांग रूमों में शिफ्ट

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रविवार को वेयरहाउस से ईवीएम मशीनें बगवाड़ा स्ट्रांग रूमों में शिफ्ट हुई। जहा पर विधानसभावार स्ट्रांग रूम में रखी गई । सोमवार से उन्हें सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों द्वारा विधानसभा वार तैयार करने का कार्य किया जाएगा। देर साय जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने सभी स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया ।सोमवार से मशीनों को मतदान के लिए तैयार किया जाएगा । उन्होंने सभी सहायक निर्वाचन अधिकारीयों को निर्देश दिए कि वह ईवीएम मशीनों को तैयार करने समय सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवश्य बुला ले ।उन्होंने कहा कि सभी ईवीएम मशीन विधानसभा वार बगवाड़ा मंडी में बने स्ट्रांग रूम में रख दी गई है इसलिए सभी स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखी जाए तथा स्ट्रांग रूम क्षेत्र में बिना अनुमति अथवा पास के कोई भी प्रवेश नहीं करेगा । उन्होंने बताया कि स्ट्रांग स्ट्रांग रूम परिसर पर पैनी नजर रखने हेतु 160 सीसी टीवी कैमरे लगाये गए हैं तथा सीसीटीवी कंट्रोल रूम मंडी सचिव कार्यालय में स्थापित कर दिया गया है । निरीक्षण दौरान विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, ईवीएम नोडल टी एस मर्तोलिया ,सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष बिष्ट ,गौरव पांडे डॉक्टर अमृता शर्मा ,रविंद्र बिष्ट, रविंद्र जुवाठ। आदि मौजूद थे।



## महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की टीम को दिल्ली में मिला रत्न श्री अवार्ड

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एनसीडब्ल्यूडीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय पैडमैन प्रोफेसर डॉक्टर वीरेंद्र देवे सर व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पिंकी देवे ने महिला एवं सामाजिक जागरूकता की पूरी टीम को दिल्ली में एनसी डब्ल्यूडीसी रत्नश्री अवार्ड देकर सम्मानित किया। महिला जागरूकता की टीम को यह सम्मान समाज के विभिन्न क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए दिया गया है,जिसमें महिला सशक्तिकरण ,बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या रोकने पर। महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने पर, पर्यावरण संरक्षण पर,व्यसन मुक्ति पर,महिलाओ को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने पर व विशेषकर बहन बेटियों को मेंस्ट्रूअल हाइजीन के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार काम करने पर सम्मानित किया गया। महिला जागरूकता की यह टीम अभी तक हजारों महिलाओं को जागरुक हजारों सेनेटरी नैपकीन व हाइजीन किट महिलाओं को व बालिकाओं को बांट चुकी है। यह सम्मान दिल्ली के एक फाइव स्टार होटल में समिति की अध्यक्ष डॉ उषा नरेंद्र जैन सहित राधा सुभाष , कविता रावत , ममता नेगी, सुमन तिवारी,सीता चौरसिया, रूपा रानी, दुर्गावती, निर्मला पथनी, अनीता देवी, हेमा वर्मा, विमला को दिया गया। साथ ही उनके कार्यों की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



## कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में सुमित ने किया जनसंपर्क

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी जोशी के समर्थन में विधायक सुमित हृदयेश ने नवाबी रोड, वेलेजली लॉज क्षेत्र में बैठक और कुल्यालपुरा क्षेत्र में जनसंपर्क कर आमजन से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विधायक सुमित ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है और जिस तरह का कार्यकाल वर्तमान सांसद का रहा है, उससे लोग बेहद खफा हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोगों को जाति, धर्म के नाम पर भ्रमित करने की कोशिश कर रही है। लेकिन जनता अब उसकी नीति और रीतियों को पहचान चुकी है और अब आम जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आने वाली है।जनता केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार को पिछले 10 सालों से देख रही है और अब लोगों ने मन बना लिया है कि भाजपा केवल घोषणाओं की पार्टी है, उनके वर्तमान सांसद अपने 40 प्रतिशत सांसद निधि भी खर्च नहीं कर पाए।आने वाले चुनाव में आम जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। इस दौरान दीवान सिंह मटियाली, शोभा बिष्ट, विमला सांगुडी, डीके पंत, हेम जोशी, पूरन बिष्ट, मयंक भट्ट, बसंत मिश्रा, अनिल जोशी,मुकुल बल्यूटिया, हेम पाण्डे, मोहन सिंह लटवाल, योगेश कांडपाल, सौरभ भट्ट, कमल जोशी, महेन्द्र कुमार, खीम सिंह चौहान, बीएल आर्या, राजू आर्या, मोहन राम, आनंद राम, अरविंद कुमार, विसन राम, कुंदन लाल, रवि सागर, हिमांशु अग्निहोत्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# चुनाव नतीजों का स्वरूप

बेहतर और शह प्रतिशन मतदान देश के लोकतंत्रिक स्वरूप को बदलने में अपनी अहम भूमिका निभाता है। चुनाव आयोग द्वारा बुजुर्गों दिव्यांगों और सर्विस वोटिंग से मतदान के लिए लागू की गई गाईडलाईन से हर नागरिक को मतदान के लिए प्रेरित होना चाहिए और अपने उम्मीदवार की सही पहचान कर मतधिकारी का प्रयोग कर नई दिशा दे सकते है। देश के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जिस तरह बढ़-चढ़ कर प्रचार-प्रसार किया जाता है, उससे यही लगता है कि ज्यादातर लोग मतदान करने निकलेंगे। मगर हर बार मतदान का आंकड़ा बहुत उत्साहजनक नहीं रहता है। कई इलाकों में तो कुल मतदाताओं का आधा भी मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंचता है। ऐसे में डाले गए मतों के आधार पर ही किसी सीट पर उम्मीदवारों की जीत और हार का फैसला होता है। जबकि संभव है कि मतदान का फीसद ऊंचा हो तो उसमें नतीजों का स्वरूप कुछ और सामने आए। हालांकि निर्वाचन आयोग की तरफ से भी मतदाताओं को मतदान में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, लेकिन ये सारी कवायदें जमीन पर उतरती नहीं दिखती हैं। लोकतांत्रिक अपेक्षाओं और कसौटियों के लिहाज से यह एक चिंताजनक स्थिति है। कम मतदान की समस्या से चिंतित निर्वाचन आयोग ने इस बार के आम चुनाव में देश के ग्यारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की दो सौ छियासठ सीटों की पहचान की है, जहां पिछले आम चुनाव में मतदान का फीसद राष्ट्रीय औसत यानी 67.40 से भी कम रहा था। इन सीटों में दो सौ पंद्रह ग्रामीण और इक्यावन शहरी संसदीय क्षेत्र शामिल हैं। अब आयोग ने खासकर इन सीटों पर मतदान के फीसद में बढ़ोतरी की कोशिशें तेज कर दी हैं। यों देश भर में अगर सिर्फ दो तिहाई मतदाता अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर पाते हैं, तो यह कोई आदर्श स्थिति नहीं है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि लोकसभा की लगभग आधी सीटों पर इससे भी कम मतदान होता है। समझा जा सकता है कि उन इलाकों में जीतने वाले उम्मीदवार कितने लोगों की नुमाइंदगी करते होंगे। लोकतंत्र में मतदान के अधिकारों के प्रति जागरूकता में कमी या अन्य वजहों से अगर इतनी बड़ी तादाद में मतदाता चुनाव प्रक्रिया से बाहर रह जाते हैं, तो यह सोचने की जरूरत है कि शासन के ढांचे में कुल कितनी आबादी की भागीदारी है। ऐसी स्थिति में मतदान का फीसद बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की कोशिशें स्वागतयोग्य हैं, लेकिन इसका वास्तविक नतीजा भी जमीन पर भी दिखना चाहिए। लोकसभा और अन्य चुनाव में भी मतदाताओं की भूमिका को बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग को सक्रिय कार्ययोजना तैयार कर धरातल पर उतारने की जरूरत है।

# फ्री शिक्षा के पोर्टल पर लापरवाही का लॉक

## शहर के एक वार्ड से पांच तक राइट टू एजुकेशन पोर्टल में विद्यालयों का नाम तक नहीं

-हनीफ बाबा-

सितारगंज ।आधे शहर के हजारों गरीब मासूम बच्चे नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी में शिक्षा के अधिकार योजना के तहत इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह गए है। इन बच्चों के अधिकांश अभिभावक दिहाड़ी मजदूर, आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। शिक्षा विभाग और स्कूल मेंजमेंट की लापरवाही के कारण आधे शहर के बच्चों का राइट टू एजुकेशन के ऑनलाइन पोर्टल पर नजदीकी विद्यालयों ने पंजीकरण सत्यापन नहीं कराया है जिस वजह से आरटीई के दायरे में आने वाले निजी स्कूलों में गरीब अभिभावक मोटी फीस देकर बच्चों का प्रवेश कराने पर मजबूर है। शिक्षा का अधिकार योजना को शहर में पात्र लोगों के अधिकार से वंचित कर दिया है। जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण हजारों अभिभावक शिक्षा का अधिकार योजना से वंचित हो गए हैं। शहर के वार्ड नंबर एक, दो, तीन, चार, पांच में सीबीएसई पाठ्यक्रम के कई विद्यालय संचालित होते हैं। जिसमें अधिकतम नर्सरी से लेकर इंटरमीडिएट और प्राइमरी शिक्षा के स्कूल सम्मिलित है। लेकिन शिक्षा का अधिकार ऑनलाइन पोर्टल पर वार्ड एक से लेकर 5 तक नर्सरी, प्री प्राइमरी के विद्यालय अंकित नहीं है। जबकि इन वार्डो के अंतर्गत आने वाले इंग्लिश मीडियम स्कूल में नर्सरी में अध्यनरत बच्चों को निरंतर शिक्षा दी जा रही है। लेकिन लेकिन यह विद्यालय शिक्षा का अधिकार योजना के तहत जरूरतमंद निर्धन लोगों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने में हाथ पीछे खींच रहे हैं। शिक्षा विभाग इस तरह के विद्यालयों पर नमी बरत रहा है। जिसका खामियाजा आधे शहर के मासूम बच्चे निशुल्क शिक्षा से वंचित रहकर भुगत रहे हैं। एडवोकेट रवि रस्तोगी ने कहां कि कोई भी बालक, बालिका शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं रहना चाहिए। शहर के वार्ड पांच तक राइट टू एजुकेशन योजना के अंतर्गत नजदीकी विद्यालयों का नाम ऑनलाइन पोर्टल में अंकित नहीं होने कि समस्या से कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को अवगत कराकर पात्र बच्चों का इंग्लिश मीडियम स्कूल में निशुल्क शिक्षा प्राप्त करने के लिए नर्सरी आदि में प्रवेश कराया जायेगा। खंड शिक्षा अधिकारी को भी मामले से अवगत कराया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा ने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल में शिक्षा अधिकार के तहत नजदीकी विद्यालयों का नाम नहीं आने की समस्या का गंभीरता पूर्वक समाधान किया जाएगा। उनकी प्राथमिकता है कि सभी पात्र बच्चों को राइट टू एजुकेशन योजना का लाभ मिल सके।

# कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी का किया भव्य स्वागत



गदरपुर (उ संवाददाता)।कांग्रेस सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी का गदरपुर पहुंचने पर कांग्रेस नेता अजय गाबा के प्रतिष्ठान पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में प्रकाश जोशी ने भजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद भी अजय भट्ट ने अपनी सांसद निधि को खर्च नहीं किया। विकास का कोई कार्य नहीं किया। वह चुनाव जीतने के बाद आए ही नहीं । प्रकाश जोशी ने कहा मैं आपके बीच का आदमी हूं आप एक बार मुझ पर भरोसा करके मुझे जिताएं। मैं आपकी उम्मीदों पर खरा उतरूंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार की सरकार है। इस सरकार में किसानों का बुरा हाल है। मध्यमवर्गी और गरीब हो रहा है और जनता से कांग्रेस को मतदान करने की अपील की। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह ने भी कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में भारी मतदान की अपील की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हिमांशु गाबा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह, एडवोकेट आरपी सिंह, ग्राम प्रधान शराफत अली मंसूरी, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, नगर महामंत्री मुकेश भगत, ग्राम प्रधान अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, राजू बठला, नानक चंद बठला, इंद्रपाल सिंह संधू, कृष्ण लाल गाबा, सागर गाबा, वेद भगत, राकेश गाबा, हरी खेड़ा, गुरप्रीत सिंह, राजेश बाबा, संजीव डोडा, रोशन गाबा, राजू डुमरा, आकाश गाबा, अरशद मियां, सुल्तान भाई, अशोक बठला आदि सहित भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

# कांग्रेस की पांच न्याय और 25 गारंटी पर जनता लगायेगी मुहर : सुप्रिया



देहरादून(उद संवाददाता)। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रविवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि यह न्यायपत्र पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा में मिले जनता के फीडबैक के आधार पर तैयार किया गया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि भाजपा के जुमलों से देश की जनता त्रस्त हो चुकी है। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस लगातार चुनाव प्रचार के लिए जनता के बीच पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि आगामी 19 अप्रैल को प्रदेश के जागरूक मतदाता कांग्रेस के पक्ष में पांच न्याय और 25 गारंटी का वायदे पर भी मुहर लगायेंगे और भाजपा के कुशासन को उखाड़ फेकेंगे। प्रदेश कार्यालय देहरादून में सोशल मीडिया राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा द्वारा कांग्रेस के न्याय पत्र की 5 न्याय गारंटीयों के विषय में प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी गई । वार्ता में सुप्रिया ने कहा प्रदेश के मुख्य मुद्दे अंकिता भंडारी हत्याकांड ,अग्निवीर ,बेरोजगारी सहित अन्य सरकार की विफलताओं का एक मात्र उपाय यह 5 न्याय गारंटी है जो महिलाओं, युवाओं, किसान एवं श्रमिक सभी के हितों का समावेश करती है। इस दौरान राजीव महर्षि ,प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी, मीडिया प्रभारी चयनिका उनियाल, प्रदेश प्रवक्त गरिमा मेहरा दसौनी ,सोशल मीडिया प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।गौरतलब है कि लोकसभा के चुनाव में उत्तराखंड में कांग्रेस के प्रचार युद्ध का बड़ा दारोमदार प्रदेश के ही बड़े नेताओं पर रहने जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के साथ ही पूर्व कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों को प्रत्याशियों के साथ प्रचार के मोर्चे पर डटना होगा। वहीं, प्रदेश संगठन की कठिनाई यह भी है कि दिग्गज नेता किसी एक लोकसभा क्षेत्र तक सिमट कर रह गए हैं। अन्य चुनाव क्षेत्रों में प्रचार में उनका सहयोग लेने में पार्टी और प्रत्याशियों को मशक्कत करनी पड़ सकती है। लोकसभा में पार्टी के केंद्रीय नेता बतौर स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार के लिए पहुंचेंगे, लेकिन उनके कार्यक्रम सीमित रह सकते हैं। प्रदेश अध्यच करन माहरा और यशपाल आर्य ने कुमाऊं मंडल में मोर्चा संभाला हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सभी पांचों लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। प्रदेश संगठन की ओर से उनके कार्यक्रम तय किए गए हैं। प्रदेश के स्टार प्रचारकों में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की सर्वाधिक मांग है। यह अलग बात है कि हरीश रावत के लिए प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के लिए समय निकालना चुनौतीपूर्ण है। हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से उनके पुत्र वीरेंद्र रावत कांग्रेस प्रत्याशी है। वीरेंद्र को जिताने का दायित्व उन्हीं के कंधे पर है। पूर्व कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों से साध रहे समीकरण पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व चकराता विधायक प्रीतम सिंह टिहरी लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला के चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। अन्य लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार में अब तक उनका उपयोग कम ही हुआ है। पूर्व कैबिनेट मंत्रियों शूरवीर सिंह सजवाण, नवप्रभात, हरक सिंह रावत, हीरा सिंह बिष्ट, मंत्री प्रसाद नैथानी एवं गोविंद सिंह कुंजवाल का भी पार्टी चुनाव प्रचार में उपयोग कर रही है। यद्यपि कांग्रेस की ओर से जारी स्टार प्रचारकों की सूची में वरिष्ठ नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री हीरा सिंह बिष्ट का नाम नहीं है। बिष्ट इसे लेकर नाराजगी भी व्यक्त कर चुके हैं। इसके साथ ही पार्टी के 18 विधायकों, पूर्व विधायकों एवं पूर्व सांसदों को भी सामाजिक समीकरण ध्यान में रखकर क्षेत्रवार प्रचार के लिए मैदान में उतारा गया है।

# आनंद अधिकारी ने थामा भाजपा का दामन

देहरादून। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे दिनेश अग्रवाल के बाद अब कांग्रेस विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के भतीजे व भागीरथी संस्थान के निदेशक आनंद अधिकारी ने भी कांग्रेस पार्टी को बाय-बाय कह दिया है। बता दें रविवार को ही आनंद ने भी अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। आनंद ने अपने समर्थकों के साथ देहरादून के भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ली है। पूर्व में आनंद ने अपने चाचा विधायक खुशाल अधिकारी के ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष और विधायक के चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आनंद अधिकारी ने देहरादून में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में चंदन सिंह अधिकारी समेत चंपावत के कई युवाओं के साथ भाजपा की सदस्यता ली। मालूम हो कि आनंद अधिकारी पहले से ही राजनीति में सक्रिय रहे हैं। आनंद ने भाजपा में शामिल होने के बाद कहा कि वह पूरी निष्ठा के साथ पार्टी की मजबूती के लिये काम करेंगे।

# भाजपा को हटाने का मन बचा चुकी है जनता : हरदा



डोईवाला(उद संवाददाता)। हरिद्वार लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत का डोईवाला के लच्छीवाला से लेकर रानीपोखरी तक रोड शो निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जुटे। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी अपने बेटे के लिए जनता से समर्थन मांगा। रोड शो के दौरान मीडिया से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि जनता परिवर्तन चाहती है और वह सत्ता से भाजपा को हटाकर कांग्रेस को लाने का मन बना चुकी है। वहीं उनके समर्थित कांग्रेसियों के भाजपा में जाने के सवाल का जबाव अपने चिर परिचित अंदाज में मुस्कुराते हुए देते कहा कि कुछ तो मजबूरियां रही होगी कोई यूं ही बेवफा नहीं होता। उन्होंने कहा कि उनकी मजबूरियां उन्हें मुबारक, जो सम्मान और प्यार कांग्रेस में मिला देखते हैं भाजपा में उन्हें क्या मिल जाता है । रोड शो के दौरान मीडिया से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि जनता परिवर्तन चाहती है और वह सत्ता से भाजपा को हटाकर कांग्रेस को लाने का मन बना चुकी है। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस प्रदेश सदस्य गौरव चौधरी, जिला पंचायत सदस्य अश्वनी बहुगुणा, मनीष नागपाल, जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में मतदान करने वालों को होटल और रेस्टोरेंट में मिलेगी 20 प्रतिशत तक की छूट

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री विजय कुमार जोगदंडे ने रविवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि राज्य में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के होटल एसोसिएशन द्वारा अनुरोध किया गया है कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए उनके द्वारा मतदान के पश्चात 20 अप्रैल को जितने भी ग्राहक होटल और रेस्टोरेंट में प्रवेश करेंगे, उनको 20 प्रतिशत तक की छूट देने का प्रस्ताव सामने रखा है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन के दौरान सभी कार्मिकों, पुलिस जवानों, पीआरडी स्वयंसेवकों को आपातकालीन स्थिति में मेडिकल इमरजेंसी के दौरान कहीं से




रेस्क्यू करने की आवश्यकता होती है, तो इसके लिए राज्य में 02 हेलीकॉप्टर तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के 48 घण्टे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक ड्राई डे घोषित किया गया है। मतगणना के दिवस भी ड्राई डे घोषित किया गया है। इसके लिए ड्राई डे से संबंधित अधिसूचना जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में और उत्तराखण्ड से लगे हुए उत्तर प्रदेश के उन जनपदों में जहां पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को मतदान होने वाला है, उन क्षेत्रों में 17 अप्रैल 2024 को सांय 05 बजे से लेकर 19 अप्रैल 2024 को सांय 06 बजे तक ड्राई डे प्रभावी रहेगा।

# मालधन में 10 को होगी सीएम धामी की चुनावी रैली

## भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी कल से रामनगर में करेंगे जनसंपर्क

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 10 अप्रैल को दोपहर 1बजे मालधन के डिग्री कॉलेज मैदान पर चुनावी जनसभा को



संबोधित करके पार्टी प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में वोट मांगेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख और गढ़वाल संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी भी मौजूद रहेंगे। पार्टी ने अपने तीनों मंडलों के कार्यकर्ताओं से जनसभा में पहुंचने की अपील की है। इस दौरान पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता भी सभा को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी कल से दो दिन विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह जनसंपर्क, रोड शो, जन मिलन और सभाओं में भाग लेंगे तथा दस अप्रैल को मालधन चौड़ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा विधानसभा मीडिया प्रभारी गणेश रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री बलूनी मंगलवार दोपहर बाद तीन बजे रामनगर विधानसभा की सीमा पर मोहान से प्रवेश करेंगे, जहां कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत के बाद जन मिलन किया जायेगा। वहां से साढ़े तीन बजे सुंदरखाल, गर्जिया होकर चार बजे ढिकुली, रिंगोड़ा होते हुए साढ़े चार बजे आमडंडा पहुंचेंगे। शाम पांच बजे लखनपुर सब्जी मंडी में जनसभा और जनमिलन कार्यक्रम में भाग लेंगे। विधायक दीवान सिंह बिष्ट और विधानसभा प्रभारी प्रताप बोरा ने आगामी कार्यक्रमों की तैयारी के लिए पदाधिकारियों की बैठक की और सभी को मालधन चौड़ जनसभा तथा प्रत्याशी के दौरे को सफल बनाने की अपील की। चुनाव कार्यालय प्रभारी ब्रह्मदेव झा ने कहा कि नौ अप्रैल को शाम छह बजे से चोरपानी, कानिया, हिम्मतपुर डोटियाल, सेमलखालिया, बासीटीला, लक्ष्मपुर ठेरी, धनखोला, करनपुर, गोरखपुर होते हुए बैड़ाझाल से चोरपनी चौराहे पर स्वागत तथा जन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अगले दिन बुधवार को विधायक आवास पर जन मिलन के बाद जोहीपुरा, मंगलार, जासागंजा, चिलकिया टांडा फिल्म दारा यशवंत नगर ललितपुर थारी बेरिया हलवा गौशाला मोड होते हुए मलधन गोपाल नगर में जन्मिलन और स्वागत कार्यक्रम में प्रतिभा करेंगे मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत , मदन जोशी तथा दीपा भारती ने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में रहने का आह्वान किया है।

# अरदास के साथ बैशाखी कार्यक्रम का आगाज

सितारगंज (उद संवाददाता)। श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन धर्मार्थ ट्रस्ट में बैशाखी कार्यक्रम गुरु महाराज जी की अरदास कर आयोजित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार देवेंद्र सिंह ने कहा कि सिखों का इतिहास हर पल देश और





मानवता की सेवा करने का रहा है। ट्रस्ट द्वारा समाजहित में अनेकों कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रतिदिन भोजन, कपडे,दवाई,निर्धन बच्चों की शिक्षा और जरूरतमंद लोगों की सहायता हेतु ट्रस्ट सदैव समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। ट्रस्ट द्वारा आज बैशाखी के उपलक्ष्य पर बिभिन्न क्षेत्रों में अपना अतुलनीय योगदान व गुरु महाराज जी के आदर्शो को जन जन तक अपने अपने माध्यम से पहुँचाने व जागरूक करने वाली ऐसी बेटिओं व सिख महिलाओं का सम्मान किया गया है।कार्यक्रम में पंजाब से आई गतका पार्टी ने अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन दिखाया। सिख समाज से सम्बंधित क्विज प्रीतियोगिता में लड़कियों ने प्रतिभाग कर अपनी मानसिक योगिता का परिचय दिया। बडापुरा गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार बाबा मोहन सिंह व अग्रसेन ट्रस्ट के पदाधिकारिओं ने श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट की टीम को सम्मानित किया। कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह, सुखवीर बेदी,अजीत सिंह जोशन, गुरदयाल सिंह,समाजसेवक महेश मित्तल,हरप्रीत सिंह,करमजीत सिंह चन्ना,हरजिंदर सिंह लाड़ी,परविंदर सिंह,रोशन लाल अग्रवाल,रमेश गोयल,विलायती राम कक्कड़,जगीर सिंह,गुरमीत सिंह, विजय सलूजा, राजेश शैली,सुरेश अग्रवाल,सुरेश सिंघल,गोपाल सिंह बिष्ट,यादराम गुप्ता,दलवीर सिंह बल, गुरप्रीत सिंह देओल,राजा मक्कड़, मंजीत सिंह, गुरमुख सिंह,बाबा गुरदेव सिंह,भीमसेन गर्ग,करमजीत सिंह चन्ना,पारस सलूजा, भूषण बड़सीवाल आदि थे।

# घुमंतू पशुपालकों के आने का किसानों ने किया विरोध

सितारगंज (उद संवाददाता)। वन क्षेत्र में घुमंतु पशुपालकों के आने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बाहरी पशुपालकों के आने से उनकी फसलों को जानवर नष्ट कर सकते हैं। उन्होंने एसडीएम को समस्या से अवगत कराते हुए समाधान की मांग की है। ग्राम लौका, गोठा, गुरुनानक नगरी, वन्नकुईया आदि क्षेत्र के किस सोमवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे। किसानों ने आरोप लगाया कि



पूर्व से ही आवारा पशु उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने संभावना जताई दूसरे क्षेत्रों से पशुपालक आ सकते हैं। जिस वजह से वह फसलों को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में एक पशुपालक ने करीब डेढ़ सौ जानवरों को लेकर क्षेत्र में डेरा डाल दिया है। उन्होंने भारी क्षेत्र के घुमंतू पशुपालक को क्षेत्र में आने से रोकने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में किसान नेता योगेंद्र यादव, गुलाम नबी, तनवीर, परमजीत सिंह राजू सिंह मोहन सिंह, अमरजीत सिंह आदि थे।

# घर के आगे खड़ी बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प शिमला बहादुर में घर के आगे खड़ी मोटर साईकिल अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में शिमला बहादुर में तिवारी ट्रांसपोर्ट निवासी मूल निवासी आदर्श कालोनी अनिल नाथ तिवारी पुत्र सूर्यनाथ ने कहा है कि गत 24 मार्च को उसने अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 एआर 3009 को घर के आगे खड़ा किया था। जहां से अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटरसाईकिल को चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महाविद्यालय में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया । जिसके अंतर्गत चुनाव का पर्व देश का पर्व थीम के तहत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं का आह्वान किया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग आगामी लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल



को अवश्य करें। पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने जा रहे युवा छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर छात्र जीशान ने मतदाता गीत गाकर छात्र छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय स्वीप नोडल ऑफिसर प्रो.आशा राणा द्वारा किया गया।

# कच्ची शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडा पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध कच्ची शराब के एक तस्कर समेत फरार एक अन्य को दबोच कर तलाशी में दोनों के कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्करों का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक संसदीय चुनावों के मद्देनजर मंडी चौकी प्रभारी मनोहर चंद्र हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे इसी दौरान पुलिस टीम ने राम कॉलोनी गढीनेगी निवासी बंटी पुत्र शेर सिंह तथा मौके से फरार उपरोक्त मोहल्ला निवासी कृपाल सिंह उर्फ बाबू पुत्र लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा को दबोचकर दोनों की निशानदेही पर एक रबर की ट्यूब में 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्करों का धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

# रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय की मतदाता जागरूकता समिति के तत्वाधान में क्षेत्रीय जनता में मतदान के प्रति जागरूकता हेतु एक रैली का आयोजन किया गया, इस रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला सक्सेना द्वारा किया गया इस रैली द्वारा गदरपुर क्षेत्र के जनमानस में शत प्रतिशत मतदान हेतु छात्राओं द्वारा स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कैंपस एंबेसडर डॉक्टर श्रीहरि प्रसाद सदस्य डॉक्टर प्रमोद वर्मा मतदाता साक्षरता क्लब के 11 सदस्य एवं 40 छात्र उपस्थित रहे।




# तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र जोशी, ए एस आई मानसिंह व कांस्टेबल हितेंद्र वर्मा ने चेकिंग के दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे युवक को पकड़कर उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता आमिर खान पुत्र बबलू खान निवासी लाइन नंबर 17 बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध तमंचा 12 बोर एवम एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद तमंचा कारतूस कब्जे में लेकर आमिर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# चोरी की बाईक के साथ किशोर हिरासत में

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गत दिनों आकांक्षा शोरूम के आगे से चोरी हुई बाईक सहित पुलिस ने एक किशोर को चैकिंग दौरान पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम हजरतपुर बिलासपुर निवासी अमृतपाल सिंह पुत्र परमजीत सिंह की मोटर साईकिल संख्या यूके 06 क्यू 9252को अज्ञात व्यक्ति आकाक्षां शोरूम के आगे से गत 2 अप्रैल को चोरी कर ले गया था। मामले की रपट दर्ज करा दी गई थी। रात्रि चैकिंग के दौरान पुलिस ने गंगापुर मार्ग पर शैल भवन के पास संदिग्ध रूप से बाईक संग खड़े एक किशोर को पकड कर उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि यह मोटर साईकिल उसने आकांक्षा शोरूम के आगे से चोरी की थी। पुलिस ने किशोर को हिरासत में लेकर बाईक कब्जे में ली और किशोर के परिजनों को मामले से अवगत कराया।

# शहर के अलग-अलग स्थानों से वाहनों चोरों ने दो बाइकें उड़ाई

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शहर में वाहन चोर फिर सक्रिय हो गए हैं। चोरों ने शहर के अलग-अलग स्थानों से दो मोटर साइकिल पार कर ली। बाइक स्वामियों ने पुलिस में तहरीर दी है। कमल हसन पुत्र मेंहदी हसन निवासी वार्ड 33 इंद्रानगर ठोकर वनभूलपुरा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका शनि बाजार रोड में कमल एसोसिएट के नाम से प्रतिष्ठान है। उसने अपनी हीरो सुपर स्प्लैंडर बाइक अपने कार्यालय के बाहर खड़ी की थी। जब वह अपने कार्यालय से बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। उसने बाइक को आसपास ढूंढा भी लेकिन बाइक का कहीं सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है। वहीं मल्ला फतेहपुर निवासी अमित सिंह पुत्र हीरा सिंह ने कठघरिया हाट बाजार से बाइक चोरी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है।

## पेज एक का शेष...

**केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद...** था और दस दिन के ईडी रिमांड के बाद राउज एवेन्यू की विशेष अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। वर्तमान में केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग को लेकर अब तक दायर हुई दो याचिका हाई कोर्ट खारिज कर चुका है।

**सुरेश गंगवार ने काबिना मंत्री ...**बाद में किरण ने मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा के लिये अपनी सितारगंज विधानसभा से इस्तीफा दे दिया गया था। श्री गंगवार ने बताया कि क्षेत्र के सभी पंचायत प्रतिनिधियों को देहरादून बुलवाया और चुनाव लड़ने पर चर्चा की गई थी। इसके पश्चात विजय बहुगुणा को सभी ने मिल कर चुनाव लड़ाया और उन्हे जीत दिलवाई। इस चुनाव में वह और उनका पूरा परिवार दिन रात उनके पक्ष में जुटा रहा। लेकिन उनके पुत्र सौरभ बहुगुणा हमेशा उनके विपरीत कार्य करते रहे। श्री गंगवार ने आरोप लगाते हुये कहा कि सौरभ ने जिला पंचायत सदस्यों को अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिये प्रलोभन भी दिया गया लेकिन इसमें वह कामयाब न हो पाये। इसके पश्चात उनके द्वारा पंचायत अधिकारियों पर दबाब बनाना शुरू कर दिया और जिला पंचायत के माध्यम से होने वाले विकास कार्यो को रूकवा कर जिला प्रचायत अध्यक्षा की छवि प्रभावित की गई। इस मामले में सदन ने ऐसे अधिकारियों के खिलाफ प्रस्ताव भी पारित किया गया लेकिन उनके स्थानांतरण नही किये गये। यह मामला विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा सदन में उठाये जाने पर सौरभ बहुगुणा और गुस्से में आ गये। श्री गंगवार ने कहा कि नानकमता,सिसेईखेड़ा और सितारगंज के रहने वाले श्री बहुगुणा के खास लोगों द्वारा ही क्षेत्र में खनन,जलाशय के ठेके संचालित किये जाते है। केदारनाथ की पार्किग और कैण्टीन में भी उनका वर्चस्व रहा है। इसकी पूरी जांच कराये जाने की आवश्यकता है। श्री गंगवार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिल लोगों द्वारा भाजपा प्रत्याशी सौरभ बहुगुणा को समर्थन नही किया गया ऐसे दर्जनों गरीब लोगों पर अत्याचार शुरू कर दिये गये करीब 55 गरीब लोगों पर झूठे मुकदमें भी दर्ज करा दिये गये। श्री गंगवार ने कहा कि उनके विरूद्ध अश्लील वीडियो वायरल करने के खिलाफ पुलभुट्टा चौकी, साइबर सेल देहरादून, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित तमाम अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को पत्र भी लिखे गये जिसमें मामले की पूरी जांच कराये जाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान उनकी बहन एवं माता का निधन हो गया था। लेकिन काबीना मंत्री का अत्याचार नही रूका।

**लोकसभ चुनाव के लिए...**कि उन्हें घर बैठे मतदान करने का अधिकार मिले। आठ से दस अप्रैल तक पहले और 11 से 13 अप्रैल तक दूसरे चरण में इनका वोट डलवाया जाना है, जिसकी प्रक्रिया सोमवार को शुरू हो गयी है। निर्वाचन कार्य में लगी टीमों ने इन चिन्हित वोटरों के घर जाकर वोट डलवाना शुरू कर दिया है।

**जिला पंचायत अध्यक्ष...**नेतृत्व और जिलाध्यक्ष द्वारा प्रदेश एवं जनपद में समय समय पर होने वाली बैठकों में उन्हें न बुलाकर उपेक्षा की जा रही है। साथ ही यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर अभी उनसे कोई चर्चा नहीं की गयी है। न ही उन्हें प्रचार कार्यक्रमों में बुलाया जा रहा है। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी जिले में कई स्थानों पर नुक्कड़ सभायें और जनसंपर्क कर रहे हैं। जिसकी सूचना उन्हें नहीं दी जा रही है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस में हो रही अपनी उपेक्षा के चलते वह इस्तीफा दे रहे है। बता दें सुरेश गंवार वर्तमान में एआईसीसी पिछड़ा विभाग के ज्वाइंड कॉर्डिनेटर थे, इस्तीफा देने के बाद वह किस पार्टी का दामन थामेंगे इसके बारे में फिलहाल उन्होंने कोई खुलासा नहीं किया है। उधर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि सुरेश गंगवार को कुछ दिन पहले ही पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है। सुरेश गंगवार का कहना है कि उनके इस्तीफे के बाद निष्कासन का लैटर जारी किया गया हैं।

**किच्छा कोतवाली में ...** भी की गई। जिसको लेकर रवि रस्तोगी के अधिवक्ता हर्ष तनेजा द्वारा आज उच्च न्यायालय की खण्डपीठ के समक्ष उक्त प्रकरण को रखते हुये उच्च न्यायालय के आदेश की फटी कॉपी दिखायी गई और किच्छा कोतवाली में लगे सीसीटीवी कैमरे की पूरी रिकाडिंग को सुरक्षित रखवाने के साथ ही दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जिस पर उच्च न्यायालय की खण्डपीठ ने इसे गंभीरता से लेते हुये एसएसपी,ऊधमसिंहनगर को उक्त प्रकरण की जांच कर रिपोंट आगामी 12 अप्रैल को पेश करने का मौखिक आदेश दिया है।

**अज्ञात वाहन की ...**मार दी जिससे आसिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिपाही की मौत से जहां पुलिस परिवार में शोक की लहर है वहीं परिजनों में भी कोहराम मचा हुआ है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'निर्दलीय' प्रत्याशी ने 'टिहरी' के मुकाबले को बनाया 'त्रिकोणीय'

## ❑उत्तराखंड में युवाओं के ज्वलंत मुद्दों से गड़बड़ा रहे राष्ट्रीय दलों के समीकरण
## ❑टिहरी लोकसभा सीट पर कोर वोटर की खामोशी से दिग्गजों की बढ़ रही बेचैनी

-अर्श-

देहरादून। उत्तराखंड में आमतौर पर यह माना जाता है कि यहां लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में मुख्य मुकाबला अमूमन भाजपा और कांग्रेस के बीच में ही रहता है तथा बसपा, सपा, भाकपा एवं निर्दलीय सहित राज्य के क्षेत्रीय राजनीतिक दल किसी सीट विशेष पर ही अपना दमखम दिखा पाते हैं, वह भी विधानसभा के चुनाव में। सूबे के पिछले दो दशक के चुनावी इतिहास में ऐसा उदाहरण काम ही देखने को मिलता है, जब किसी संसदीय सीट पर भाजपा और कांग्रेस से इतर किसी अन्य राजनीतिक दल अथवा निर्दलीय प्रत्याशी ने कोई बड़ा उलटफेर किया हो, मगर इस दफे राज्य की टिहरी संसदीय सीट पर युवा निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पंवार ने आम चुनाव में युवाओं के मुद्दों को उठाकर, दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा एवं कांग्रेस के प्रत्याशियों की पेशानी पर चिंता की लकीरें पैदा कर दी हैं । टिहरी संसदीय सीट को सामान्यत: राज परिवार के घर की सीट माना जाता है और यह विश्वास किया जाता है कि अगर इस सीट पर राज परिवार का कोई सदस्य चुनाव लड़ा तो उसका जीतना तय है। पिछले आम चुनाव में यह धारणा और भी मजबूत हुई ,जब भाजपा प्रत्याशी एवं राज परिवार की सदस्या माला राजलक्ष्मी शाह ने कांग्रेस उम्मीदवार प्रीतम सिंह को तकरीबन 3 लाख से अधिक मतों से पराजित कर दिया। भाजपा ने इस दफे भी माला राजलक्ष्मी शाह को अपना उम्मीदवार बनाया है वहीं कांग्रेस ने जोत सिंह गुनसोला अपना प्रत्याशी घोषित किया है। इसके अलावा बसपा सहित 9 अन्य प्रत्याशी भी टिहरी सीट पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। शुरुआती दौर में यह माना जा रहा था कि टिहरी सीट पर मुख्य मुकाबला परंपरा अनुसार भाजपा और कांग्रेस के बीच में ही होगा ,लेकिन बेरोजगार आंदोलन से चर्चा में आए बॉबी पंवार ने बेरोजगारी एवं युवाओं से संबंधित अन्य अहम मुद्दों की बात छेड़ कर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। बताना होगा कि निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पंवार को युवाओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है और युवा बॉबी के पक्ष में खुलकर बोल भी रहे हैं साथ ही भाजपा और कांग्रेस एवं उनके प्रत्याशियों को युवाओं के मुद्दों को लेकर कटघरे में भी खड़ा कर रहे हैं । दूसरी ओर भाजपा एवं कांग्रेस का कोर वोटर अभी खामोश है ,जिससे दोनों ही राजनीतिक दलों के उम्मीदवारी उम्मीदवारों की बेचौनी बढ़ती





जा रही है।बात टिहरी संसदीय क्षेत्र के मजबूत प्रत्याशियों की करें, तो भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी माला राजलक्ष्मी शाह टिहरी से तीन बार संसद पहुंच चुकी हैं और चौथी दफा जोर आजमाइश कर रही हैं ।वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी गुनसोला दो बार मसूरी पालिकाध्यक्ष रहने के साथ ही दो बार मसूरी से विधायक भी रहे हैं ।वे मूलरूप से प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र के हैं, जो क्षेत्र कभी लाल माटी के नाम से मशहूर हुआ करता था।उधर, निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पंवार उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष हैं और बेरोजगार आंदोलन के दौरान चर्चाओं में आए आए थे ।वे चकराता क्षेत्र के रहने वाले हैं। खास बात यह है कि पंवार को उक्रांद ने भी समर्थन दिया है । मोटे तौर पर देखें तो इन तीनों प्रत्याशियों का अपने-अपने क्षेत्रों में अच्छा खासा जनाधार है और टिहरी सीट पर मुख्य लड़ाई भी इन्हीं तीनों प्रत्याशियों के बीच में होती दिख पड़ रही है ।यद्यपि टिहरी सीट पर बसपा ने नेमचंद छुरियाल को अपना प्रत्याशी बनाया है, लेकिन बसपा उम्मीदवार फिलहाल चुनाव में कोई विशेष प्रभाव छोड़ते नहीं दीख पड़ते। टिहरी के रण में भाजपा और कांग्रेस जहां अपने काडर वोट के बूते मैदान में हैं, वहीं बेरोजगार और युवा समर्थक बॉबी का हौसला बढ़ा रहे हैं ।टिहरी संसदीय सीट पर जीत हार का समीकरण संतुलित करने में देहरादून की सात विधानसभा क्षेत्रों के वोटरों का भी बड़ा अहम रोल रहता है और जो प्रत्याशी यहां से बढ़त बना लेता है ,संसद के लिए उसकी राह आसान हो जाती है । देहरादून की सात सीटों पर सवा आठ लाख तो टिहरी और उत्तरकाशी जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में साढ़े सात लाख वोटर हैं । मौजूदा समय में संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 14 विधानसभा सीटों में से 11 भाजपा, दो कांग्रेस और एक पर निर्दलीय विधायक हैं ।फिलहाल भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशी की वजह से यहां मुकाबला रोचक बेहद दिलचस्प नजर आ रहा है ।तीनों ही प्रत्याशी अपने-अपने तरीके से मतदाताओं को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं ।भाजपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री मोदी के विजन को जनता तक पहुंचाने के साथ- साथ भारत सरकार की लाभार्थी योजनाओं को भी अपने प्रचार के दौरान जमकर प्रचारित कर रही हैं ।इसके अतिरिक्त वे गंगोत्री और यमुनोत्री के सर्वांगीण विकास, देहरादून से टिहरी झील तक टनल परियोजना को मूर्त रूप देने, ऑलवेदर रोड परियोजना के बाकी बचे हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने तथा टिहरी झील का विकास कर उसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का आश्वासन दे रही हैं। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पंवार रोजगार ,सुरक्षा कानून, अग्नि वीर योजना को समाप्त करने ,पुरानी पेंशन की बहाली एवं वास्तविक ग्राम स्वराज की स्थापना जैसे वादों के आधार पर युवाओं को अपने पक्ष में लामबंद करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस प्रत्याशी गुनसोला विगत दिनों कांग्रेस द्वारा जारी घोषणा पत्र की न्याय योजनाओं को अब बड़े ही जोर शोर से प्रचारित कर रहे हैं। साथ ही ,वे स्थानीय मुद्दों जैसे पलायन से खाली होते पहाड़, वन्य जीवों के हमले और खेती को नुकसान, अंकिता भंडारी हत्याकांड, भू कानून और मूल निवास, अग्नि वीर भारती योजना को युवाओं के साथ छलावा बताने आदि के आधार पर भी मतदाताओं का ध्यान अपनी ओर खींचने का प्रयास कर रहे हैं।

# कांग्रेस रैली को सफल बनाने में जुटे गौरी

## वार्ड एक में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जनसम्पर्क अभियान जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल उधमसिंहनगर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में वार्ड एक में कल 9 अप्रैल को होने वाली रैली को सफल बनाने के लिये निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी का जनसम्पर्क अभियान जारी है। श्री गौरी वार्ड एक की विभिन्न कालोनियों में अपने साथियों के साथ लोगों के बीच जा-जाकर कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में मतदान के साथ उनके समर्थन में कल होने वाली रैली में पहुंचने की अपील कर रहे है। श्री गौरी ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी श्री जोशी के समर्थन में कल होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने बताया कि वह निरन्तर वार्ड की विभिन्न कालोनियों में पहुंचकर जनता को भाजपा सरकार की खामिया गिना रहे है और कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे है। श्री गौरी ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को यहां से सभी प्रत्यायिशें से ज्यादा वोट दिलाने के लिये वह कड़ी मेहनत कर रहे है और जनता का भी उन्हे भरपूर सहयोग मिल रहा है। श्री गौरी ने कहा कि किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा अपने मात्र दो वर्ष के कार्यकाल में ऐतिहासिक विकास कार्य कराये गये है। जनता क्षेत्र में हुये विकास कार्यो से संतुष्ट है और कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का मन बना चुकी है। श्री गौरी ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। रैली के लिये सभी क्षेत्रवासी तीन पानी डाम पर एकत्र होंगे जहां पहले एक जनसभा आयोजित होगी। सभा के बाद रैली तीन पानी डाम से शुरू होकर जनपथ रोड,फुलसंगी होते हुये जेसीज पब्लिक स्कूल के पास पहुंच कर समाप्त होगी। रैली में सैकड़ों दोपहिया वाहन और लोग शामिल होंगे।



# तारकनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए उमड़े श्रद्धालु

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। सुरेंद्र नगर में बाबा तारकनाथ धाम के नाम से प्रसिद्ध आस्था के प्रतीक पौराणिक शिव मंदिर में चैत्र माह के चौथे सोमवार को प्रात:काल से हजारों की संख्या में शिव भक्त भगवान शिव के दर्शन व जलाभिषेक करने पहुँचे । हजारों श्रद्धालुओं ने कैलाश नदी से पवित्र जल भर कर शिव मंदिर में दर्शन कर जलाभिषेक किया। पुरा माहौल भोले नाथ के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। चारो ओर बाबा के भक्तो की भीड़ नजर आ रही थी। कई भक्तों ने भोले बाबा को बेलपत्र, फूल,तुलसी व दूध अर्पित किया। मंदिर के ठीक पीछे बने तालाब जो कि दूध पुकुर के नाम से जाना जाता है,उसमें भक्तो ने आस्था की डुबकी लगाई। हरिद्वार से जल भरकर काँवरियो की अलग अलग टोली जलाभिषेक करने पहुँचे व जगह जगह उनका स्वागत किया गया। तारक नाथ धाम पूजा कमेटी ने सभी भक्तो के सुविधा के लिए आवश्यक व्यावस्था की है। बुधवार से पांच दिवसीय मेले का शुभारम्भ हो जायेगा। जिसमे ब्रह्मा पूजा,काली पूजा, शीतला पूजा , व सायं काल को महा अविष्य होना है। पाँच दिवसीय मेले में कांटा झांप कलकत्ता के चङोक बाबा द्वारा चङोक पूजा,शिव बारात,शिव विवाह , विशाल भण्डारा व मेले में बिभिन्न दुकाने ,बड़े- बड़े झूले ,बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल कुद व सर्कस आदि आकर्षण का केंद्र रहेगा। मेले व पूजा का आयोजन पूजा कमेटी व सुरेंद्र नगर के ग्रामीणों के सहयोग से संपन्न हो रहा है।




